कॉर्पोरेट कार्यालय में विश्व हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन

World Hindi Day Celebration at Corporate Office

दिनांक 10 जनवरी 2020 को विश्व हिन्दी दिवस के शुभ अवसर पर हमारे कॉर्पोरेट कार्यालय में "विश्व हिन्दी दिवस समारोह" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंडियन बैंक ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति(बैंक), चेन्नै के साथ मिलकर एक "राजभाषा जागरूकता" कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें नराकास(बैंक), चेन्नै से आए प्रतिनिधियों ने सहर्ष सहभागिता की। इस कार्यक्रम में पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के कार्य-कलापों पर प्रकाश डाला गया एवं राजभाषा कार्यान्वयन को गति देने के लिए, राजभाषा विभाग, भारत सरकार की अपेक्षाओं पर भी चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में सहयोगी बैंकों से आए प्रतिनिधियों के साथ संवाद स्थापित करने हेतु एक खुले मंच का आयोजन भी किया गया, जिसमें सदस्य सचिव, श्री अजय कुमार एवं डॉ. बीरेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक महाप्रबंधक(राभा) प्रतिभागियों की राजभाषा कार्यान्वयन से संबन्धित शंकाओं का समाधान किया गया एवं उनका मार्गदर्शन किया गया।

इस कार्यक्रम के द्वितीय सत्र की अध्यक्षता बैंक के कार्यपालक निदेशक, श्री एम के भट्टाचार्य ने की। इस कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक, श्री वी वी शेणॉय, श्री एम नागराजन, प्रभारी महाप्रबंधक(मासंप्र/राभा) सहित अन्य कार्यपालकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। डॉ. बीरेन्द्र प्रताप सिंह,सहायक महाप्रबंधक(राभा) ने सभी अतिथियों के स्वागत के पश्चात, बैंक के राजभाषा विभाग की वार्षिक गतिविधियों को पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में कार्यपालक निदेशक श्री एम के भट्टाचार्य ने कहा कि हिन्दी स्नेह की भाषा है। हमें सरल हिन्दी पर ज़ोर देना चाहिए। उन्होंने कथाकार मुंशी प्रेमचंद के कथन के माध्यम से बताया कि क्षेत्रीय भाषाओं का भी अपना महत्व एवं आवश्यकता है। श्री वी वी शेणॉय, कार्यपालक निदेशक ने अपने संबोधन में इस प्रकार के कार्यक्रमों के जरिए हिन्दी से जुडने पर विचार व्यक्त किए।

सभी बैंकों में पारस्परिक सहयोग बढ़ाने एवं हिन्दी को प्रचारित करने के उद्देश्य से 'संगीत-संध्या' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न सहयोगी बैंकों से आए प्रतिनिधियों एवं इंडियन बैंक के स्टाफ सदस्यों ने सुरमयी हिन्दी तरानों के माध्यम से श्रोताओं का हृदय जीत लिया।

श्री एस तिरुवल्लुवन, वरिष्ठ प्रबंधक(राभा) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के बाद, राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ।

****